# कलेक्टर एवं अध्यक्ष स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, संचालन एवं प्रबंधन समिति जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

## –:: संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन ::–

क्र0/876 /अंग्रेजी मा./संविदा भर्ती/2022–23 जांजगीर दिनांक 08/05/2023

छत्तीसगढ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय, महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर के आदेश क्रमांक एफ 23–08/2020/20–दो/1584 अटल नगर, नवा रायपुर दिनांक 02/05/2023 द्वारा शैक्षणिक जिला जांजगीर हेतु 01 नवीन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नवागढ़ में खोले जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है, तदानुक्रम में व्याख्याता/शिक्षक/व्यायाम शिक्षक/सहायक शिक्षक/कम्प्यूटर शिक्षक एवं ग्रंथपाल के संविदा पदों पर भर्ती किये जाने के साथ ही जिले में पूर्व से संचालित 06 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों मे विभिन्न शैक्षणिक/गैरशैक्षणिक पदों पर कार्यरत संविदा कर्मचारियों द्वारा त्यागपत्र दिये जाने/कार्यभार ग्रहण नहीं किये जाने के फलस्वरूप रिक्त बैकलॉग 16 संविदा पदो पर छ.ग. के मूल निवासी, योग्यताधारी आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

आवेदन पत्र कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर–चांपा में स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डॉक के माध्यम से जमा कर सकते है। आवेदन पत्र कार्यालय में पहुचने की **अंतिम तिथि दिनांक 25/05/2023 सायं 05:00** बजे तक निर्धारित की गई है, उसके पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

## –:: विज्ञापित पदों का विवरण ::–

➢ **स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नवागढ़ :–**

| क्र. | पद का नाम | विषय | पदों की संख्या | | | | | | | | योग | एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. | | अ.जा. | | अ.ज.जा. | | अ.पि.व. | | | |
| | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | | |
| 1 | व्याख्याता (अंग्रेजी माध्यम) | हिन्दी | 01 | - | - | - | - | - | - | - | **01** | **38100** |
| | | अंग्रेजी | 01 | - | - | - | - | - | - | - | **01** | |
| | | संस्कृत | 01 | - | - | - | - | - | - | - | **01** | |
| | | गणित | 01 | - | - | - | - | - | - | - | **01** | |
| | | समाजिक विज्ञान | 01 | - | - | - | - | - | - | - | **01** | |
| | | जीवविज्ञान | 01 | - | - | - | - | - | - | - | **01** | |
| | | रसायन | 01 | - | - | - | - | - | - | - | **01** | |
| | | भौतिक | 01 | - | - | - | - | - | - | - | **01** | |
| | | वाणिज्य | 01 | - | 01 | - | - | - | - | - | **02** | |
| 2 | शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | अंग्रेजी | 01 | - | - | - | - | - | - | - | **01** | **35400** |
| | | सामा. विज्ञान | - | 01 | - | - | - | - | - | - | **01** | |
| | | विज्ञान | - | - | 01 | - | - | - | - | - | **01** | |
| | | गणित | - | - | - | - | - | - | 01 | - | **01** | |
| 3 | शिक्षक कम्प्यूटर (अंग्रेजी माध्यम) | | 01 | - | - | - | - | - | - | - | **01** | |
| 4 | व्यायाम शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | | 01 | - | - | - | - | - | - | - | **01** | |
| 5 | सहायक शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | | 01 | 01 | 01 | - | 01 | - | 01 | - | **05** | **25300** |
| 6 | सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला(अंग्रेजी माध्यम) | | 01 | - | 01 | - | - | - | - | - | **02** | |
| 7 | ग्रंथपाल (अंग्रेजी माध्यम) | | 01 | - | - | - | - | - | - | - | **01** | **22400** |
| | योग | | **15** | **02** | **04** | **00** | **01** | **00** | **02** | **00** | **24** | |

## –:: विद्यालयवार विज्ञापित बैकलॉग पदों का विवरण ::–

➢ **स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बी.डी.एम. सारागांव :–**

| क्र. | पद का नाम | विषय | स्वीकृत पद का माध्यम | पदों की संख्या | | | | योग | एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना. | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. | | |
| | | | | मुक्त | मुक्त | मुक्त | मुक्त | | |
| 1 | शिक्षक | अंग्रेजी | अंग्रेजी | 01 | - | - | - | **01** | **35400** |
| | **योग** | | | **01** | **00** | **00** | **00** | **01** | |

➢ **स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बम्हनीडीह :–**

| क्र. | पद का नाम | विषय | स्वीकृत पद का माध्यम | पदों की संख्या | | | | योग | एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना. | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. | | |
| | | | | मुक्त | मुक्त | मुक्त | मुक्त | | |
| 1 | शिक्षक | अंग्रेजी | अंग्रेजी | 01 | - | - | - | **01** | **35400** |
| | | सामाजिक विज्ञान | अंग्रेजी | 01 | - | - | - | **01** | |
| 2 | सहायक शिक्षक | – | अंग्रेजी | - | - | - | 01 | **01** | **25300** |
| | **योग** | | | **02** | **00** | **00** | **01** | **03** | |

➢ **स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अकलतरा :–**

| क्र. | पद का नाम | विषय | स्वीकृत पद का माध्यम | पदों की संख्या | | | | योग | एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना. | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. | | |
| | | | | मुक्त | मुक्त | मुक्त | मुक्त | | |
| 1 | व्याख्याता | वाणिज्य | अंग्रेजी | 01 | - | - | - | **01** | 38100 |
| | | सामाजिक विज्ञान | अंग्रेजी | 01 | - | - | - | **01** | |
| 1 | सहायक शिक्षक | – | अंग्रेजी | - | - | - | 01 | **01** | **25300** |
| | **योग** | | | **02** | **00** | **00** | **01** | **03** | |

➢ **स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलौदा:–**

| क्र. | पद का नाम | विषय | स्वीकृत पद का माध्यम | पदों की संख्या | | | | योग | एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना. | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. | | |
| | | | | मुक्त | मुक्त | मुक्त | मुक्त | | |
| 1 | व्याख्याता | भौतिक शास्त्र | अंग्रेजी | 01 | - | - | - | **01** | **38100** |
| | | हिन्दी | हिन्दी | - | - | - | 01 | **01** | |
| 2 | सहायक ग्रेड03 | – | हिन्दी | 01 | - | - | - | **01** | **19500** |
| 1 | सहायक शिक्षक | – | अंग्रेजी | - | - | - | 02 | **02** | **25300** |
| | **योग** | | | **02** | **00** | **00** | **03** | **05** | |

➢ **स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पामगढ़ :–**

| क्र. | पद का नाम | विषय | स्वीकृत पद का माध्यम | पदों की संख्या | | | | योग | एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना. | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. | | |
| | | | | मुक्त | मुक्त | मुक्त | मुक्त | | |
| 1 | शिक्षक | समाजिक विज्ञान | अंग्रेजी | 01 | - | - | - | **01** | **35400** |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | सहायक शिक्षक | – | अंग्रेजी | - | - | - | 02 | 02 | 25300 |
| | योग | | | 01 | 00 | 00 | 02 | 03 | |

➢ **स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चांपा :–**

| क्र. | पद का नाम | विषय | स्वीकृत पद का माध्यम | पदों की संख्या | | | | योग | एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना. | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. | | |
| | | | | मुक्त | मुक्त | मुक्त | मुक्त | | |
| 1 | सहायक शिक्षक | अंग्रेजी | अंग्रेजी | - | - | 01 | - | **01** | **25300** |
| | **योग** | | | **01** | **00** | **01** | **00** | **01** | |

## 1) न्यूनतम शैक्षणिक / व्यावसायिक / तकनीकी अर्हता :–

**i)** व्याख्याताः–

a) आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से **अंग्रेजी माध्यम** में हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। (व्याख्याता – हिन्दी एवं संस्कृत के पदों को छोड़कर)

b) **व्यवसायिक योग्यता** –बी.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा,

c) **शैक्षणिक योग्यता** –किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से द्वितीय श्रेणी में आवेदित विषय में निम्नानुसार स्नातकोत्तर / समकक्ष –

| स.क्र. | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1 | हिन्दी | हिन्दी |
| 2 | अंग्रेजी | अंग्रेजी |
| 3 | संस्कृत | संस्कृत / क्लासिक्स / आचार्य |
| 4 | भौतिक | भौतिकी इलेक्ट्रॉनिक्स / एप्लाइड भौतिकी / न्यूक्लियर भौतिकी |
| 5 | रसायन | रसायन / बायोकेमेस्ट्री |
| 6 | गणित | गणित / एप्लाईड गणित |
| 7 | जीवविज्ञान | वनस्पति शास्त्र / प्राणी शास्त्र / लाइफ साइन्स / जैविकी / अनुवांशिकी (जेनेटिक्स) / सूक्ष्म जैविकी (माईक्रोबायोलॉजी) / जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नॉलाजी) / आणविक जीव विज्ञान (मालिकुलर बायोलॉजी) / पादप कार्यिकी (प्लान्ट फिजियोलॉजी) तथा स्नातक स्तर में प्राणीशास्त्र अथवा वनस्पति शास्त्र विषय रहा हो। |
| 8 | सामा.विज्ञान | अर्थशास्त्र / एप्लाइड अर्थशास्त्र / बिजनेस अर्थशास्त्र / राजनीति विज्ञान / लोक प्रशासन / भूगोल / इतिहास / प्राचीन भारतीय इतिहास |
| 9 | वाणिज्य | एकाउन्टेन्सी सहित वाणिज्य / कॉस्ट एकाउंटिंग / फाईनेन्सीयल एकाउंटेंसी मुख्य विषय के रूप में रहा हो। |

**ii)** **शिक्षकः–**

a) आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से **अंग्रेजी माध्यम** में हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, तथा

b) राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा इस प्रायोजन के लिये जारी किये गये मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार समुचित सरकार द्वारा आयोजित अध्यापक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी.) में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

c) **व्यवसायिक योग्यता** –बी.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, तथा

d) **शैक्षणिक योग्यता** –किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से निम्नानुसार आवेदित विषय में 50% अंकों के साथ स्नातक/समकक्ष–

| स.क्र. | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1 | अंग्रेजी | अंग्रेजी साहित्य स्नातक स्तर पर एक विषय रहा हो। |
| 2 | सामा. विज्ञान | इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र अथवा राजनीति विज्ञान में से एक विषय अनिवार्य होगा। |
| 3 | विज्ञान | रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, सैन्य विज्ञान एवं भू–गर्भ विज्ञान में सेकोई दो विषय स्नातक स्तर पर हो। |
| 4 | गणित | गणित के साथ निम्नलिखित में से काई दो विषय – भौतिक/रसायन/इलेक्ट्रॉनिक्स/कम्प्यूटर साईंस/सांख्यिकी, सैन्य विज्ञान/भू–गर्भ विज्ञान। |

**iii) सहायक शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) :–**

a) **शैक्षणिक योग्यता** – आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से **अंग्रेजी माध्यम विद्यालय** से हाई स्कूल तथा न्यूनतम 50% अंकों के साथ हायर सेकण्डरी (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, तथा

b) **व्यवसायिक योग्यता** – बी.एड./डी.एड./डी.एल.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, तथा

c) राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा इस प्रायोजन के लिये जारी किये गये मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार समुचित सरकार द्वारा आयोजित अध्यापक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी.) में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

**iv) शिक्षक कम्प्युटर :–**

a) आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से **अंग्रेजी माध्यम** में हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा,

b) **शैक्षणिक योग्यता** – मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंको के साथ बी.सी.ए., बी.एस.सी. (कम्प्यूटर साईंस), बी.एस.सी. (इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी), बी.ई./बी.टेक (कम्प्यूटर साईंस), बी.ई./बी.टेक (इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी)

**v) व्यायाम शिक्षक :–**

a. आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से **अंग्रेजी माध्यम** में हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा,

b. **शैक्षणिक योग्यता** – मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम से न्यूनतम 50% स्नातक के अंको के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, तथा

c. **व्यवसायिक योग्यता** – बी.पी.एड. प्रशिक्षण उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

**vi) ग्रंथपाल :–**

a) आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से **अंग्रेजी माध्यम** में हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा,

b) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से बी.लीब परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा,

c) **व्यवसायिक योग्यता**– पुस्तकालय विज्ञान में डिग्री/डिप्लोमा परीक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

**vii) सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला :–**

a) मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से **अंग्रेजी माध्यम** में जीव विज्ञान/गणित विषय समूह के साथ उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण तथा,

b) आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से **अंग्रेजी माध्यम** से हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

### x) सहायक ग्रेड–03

a) **शैक्षणिक योग्यता** – मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण, तथा

b) **व्यवसायिक योग्यता** – किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा प्रमाण पत्र अनिवार्य है।

## 2) संविदा भर्ती हेतु महत्वपूर्ण निर्देश :–

i. पदों की संख्या परिवर्तनीय है। भविष्य में रिक्तियों के आधार पर आवश्यकतानुसार जिले में संचालित अन्य स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में स्वीकृत पदों को संवर्गवार/वर्गवार जोड़ा जा सकेंगे।

ii. अभ्यर्थी को छ.ग. का मूल निवासी होना आवश्यक है।

iii. संविदा भर्ती हेतु चयन समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया ही मान्य की जावेगी। नियुक्त अभ्यर्थी पर छ.ग. संविदा भर्ती नियम 2012 के अधीन समस्त नियम व शर्तें लागू होंगे।

iv. अभ्यर्थियों को एक से अधिक पद के लिये पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

v. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को आवेदक का जिला रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना आवश्यक है।

vi. उक्त पद पूर्णतः अस्थाई है। संविदा नियुक्ति की अवधि में नियोक्ता या नियुक्त अभ्यर्थी में से किसी भी पक्ष द्वारा 03 माह का वेतन या सेवा समाप्ति की पूर्व सूचना देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।

vii. नियोक्ता समिति द्वारा संविदा पद पर नियुक्त समस्त अभ्यर्थियों के कार्य, व्यवहार, आचरण एवं कार्य प्रदर्शन का प्रत्येक वर्ष 31 मार्च की स्थिति में मूल्यांकन किया जावेगा एवं उपयुक्तता के आधार पर संविदा अवधि में आवश्यकतानुसार वृद्धि की जा सकेगी।

viii. अभ्यर्थी, किसी भी पद पर आवेदन के पूर्व अपनी पात्रता एवं आवेदित पद हेतु वांछित न्यूनतम अर्हता का परीक्षण स्वयं कर लेवें त्रुटिपूर्ण आवेदन, भ्रामक या गलत जानकारी के आधार पर अभ्यर्थी को भर्ती के किसी भी चरण में अपात्र घोषित किया जा सकता है। केवल आवेदन कर देने मात्र से ही अभ्यर्थी का आवेदित पद पर चयन का अधिकार नहीं होगा।

ix. अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जायेंगे अमान्य आवेदनों के संबंध में पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी।

x. संविदा नियुक्ति हेतु चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई प्रकृति की होगी एवं नियुक्त अभ्यर्थी विज्ञापन में उल्लेखित एकमुश्त वेतन के अतिरिक्त स्थाईकरण, नियमितिकरण, संविलियन, पेंशन या अन्य कोई सेवालाभ प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा, न ही इस संबंध में कोई दावा विचारनीय होगा।

xi. अभ्यर्थियों को समस्त शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजों की मूल प्रति सत्यापन के समय प्रस्तुत करना होगा। दस्तावेज सत्यापन के समय मूल दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में किसी भी प्रकार का अतिरिक्त समय प्रदान नहीं किया जावेगा तथा संबंधित अभ्यर्थी को साक्षात्कार/चयन हेतु अपात्र किया जा सकेगा

xii. संविदा नियुक्ति हेतु अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01 जनवरी 2023 को 21 वर्ष से कम एवं 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रिमीलेयर को छोड़कर) महिलाओं, निःशक्तजन, शासकीय कर्मचारियों, संविदा कर्मचारियों एवं भूतपूर्व सैनिकों को छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के प्रचलित निर्देशों के अनुसार आयु सीमा में छूट का लाभ प्राप्त होगा किन्तु सभी देय छूटों को मिलाकर उनकी अधिकतम आयु–सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहीए।

xiii. जिले में संचालित अन्य स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में भविष्य में पद रिक्त होने की स्थिति में इस विज्ञापन के चयन हेतु जारी किये जाने वाले अंतिम एकीकृत मेरिट सूची की प्रतिक्षा सूची से अभ्यर्थियों का चयन किया जावेगा।

xiv. **व्याख्याता हिन्दी एवं संस्कृत** के पद को छोड़कर शेष अंग्रेजी माध्यम के सम्पूर्ण पदों हेतु आवेदक का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/मण्डल के **अंग्रेजी माध्यम विद्यालय** से न्यूनतम हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी स्कूल परीक्षाउत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

### 3) चयन प्रक्रिया :–

i. आवेदन एवं चयन प्रक्रिया तथा रिक्त पदों के आरक्षण के संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि शैक्षणिक जिला जांजगीर हेतु कुल 01 नवीन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय स्वीकृत किये गये है, साथ ही जिले में पूर्व से संचालित 06 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों मे विभिन्न शैक्षणिक/गैरशैक्षणिक पदों पर कार्यरत संविदा कर्मचारियों द्वारा त्यागपत्र दिये जाने/कार्यभार ग्रहण नहीं किये जाने के फलस्वरूप रिक्त बैकलॉग संविदा पदो के लिये पृथक–पृथक मानव संसाधन (शैक्षणिक) सेट–अप प्रत्येक विद्यालय को पृथक–पृथक ईकाई मानकर स्वीकृत किया गया है, जिसपर नियुक्ति का अधिकार संबंधित विद्यालय की प्रबंधन एवं संचालन समिति को दिया गया है। चयन प्रक्रिया के सरलीकरण, कोविड–19 प्रोटोकॉल के पालन, श्रम एवं संसाधन की बचत, अभ्यर्थियों की सुविधा तथा पात्र एवं उत्कृष्ट अभ्यर्थियों को अधिकाधिक अवसर प्रदान करने की दृष्टि से एकीकृत आवेदन लिये जा रहे हैं। अतः जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नवागढ़ एवं जिले में पूर्व से संचालित 06 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों मे विभिन्न शैक्षणिक/गैरशैक्षणिक पदों पर कार्यरत संविदा कर्मचारियों द्वारा त्यागपत्र दिये जाने/कार्यभार ग्रहण नहीं किये जाने के फलस्वरूप रिक्त बैकलॉग संविदा पदो हेतु प्रवर्गवार एवं विषयवार एकीकृत मेरिट सूची तैयार कर स्वीकृत कुल पदों का योग करते हुये अधिकतम **10 गुना** तक, अभ्यर्थियों को मूल प्रमाणपत्रों की जाँच/सत्यापन तथा लिखित/कौशल परीक्षा हेतु आहूत किया जावेगा। न्यूनतम आवश्यक शैक्षणिक योग्यता के भारांश एवं लिखित/कौशल परीक्षा में प्राप्त अंको का योग कर अंतिम एकीकृत मेरिट सूची तैयार की जावेगी तथा अंतिम मेरिट सूची के आधार पर अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन में दर्शित प्राथमिकता क्रमानुसार विद्यालयों में पदस्थ किया जावेगा।

ii. प्रतिक्षा सूची से अभ्यर्थियों के चयन एवं नियुक्ति की स्थिति में अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन में पदस्थापना हेतु दिए गये प्राथमिकता क्रम को विचार में नहीं लिया जावेगा। प्रतिक्षा सूची से नियुक्ति, पूर्णतः पदों की रिक्तता के आधार पर होगी।

iii. आवेदित पद हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी। यदि अभ्यर्थी के प्राप्तांक समान हों तो समान अंक वाले सभी अभ्यर्थीयों को साक्षात्कार/कौशल परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया जावेगा।

iv. उक्त विज्ञापित पदों के संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि अभ्यर्थियों को लिखित/कौशल परीक्षा में आमंत्रित करने हेतु व्यवसायिक योग्यता के प्राप्तांक को भारांश में शामिल नहीं किया जावेगा।

v. अंतिम चयन सूची हेतु निम्नांकित तालिका अनुसार गणना की जायेगी :–

| क्र | पदनाम | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता का अंक भार | लिखित/कौशल परीक्षा का अंक भार | कुल अंक भार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | समस्त विज्ञापित पदों हेतु | **80%** | **20%** (लिखित/कौशल परीक्षा हेतु) | **100%** |

i. चयन प्रक्रिया संबंधित समस्त निर्देश एवं कार्यवाहियों की सूचना जिला जांजगीर–चांपा के वेबसाईट **https://janjgir-champa.gov.in** पर अद्यतन की जावेगी अतः अभ्यथियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन पश्चात् नियमित रूप से वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

**कलेक्टर एवं अध्यक्ष**
**स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम**
**विद्यालय, संचालन एवं प्रबंधन समिति**
**जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)**

पृ0क्र0/877/अंग्रेजी मा./संविदा भर्ती/2022–23 जांजगीर दिनांक 08/05/2023

प्रतिलिपि :–

1. सचिव छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग महानदी भवन नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. संचालक लोक शिक्षण संचालनालय इन्द्रावती भवन नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. छत्तीसगढ संवाद रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ एवं उपरोक्तानुसार विज्ञापन को प्रदेश स्तरीय बहुप्रसारित न्यूनतम 02 समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
4. संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जांजगीर–चॉपा (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ।
6. जन संपर्क अधिकारी,जांजगीर–चांपा (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
7. डी.आई.ओ. एन.आई.सी. जांजगीर को सूचनार्थ एवं जिले के पोर्टल https://janjgir-champa.gov.in पर अपलोड किये जाने हेतु।

**कलेक्टर एवं अध्यक्ष**
**स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम**
**विद्यालय, संचालन एवं प्रबंधन समिति**
**जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)**